कुलसचिव कार्यालय
लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ–226007
). : www.lkouniv.ac.in, E-mail : registrar@lkouniv.ac.in, Phon/Fax : 0522-2740412

संदर्भ संख्या :......................... / सम्बद्धता / 2020

दिनांक :...

ई–मेल / अत्यावश्यक

नोटिस

प्रबन्धक,
नोबल इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एण्ड टेक्नालॉजी,
कमालपुर सिरसा, बक्शी का तालाब, लखनऊ–227202

महोदय,

सूच्य है कि आपके महाविद्यालय के बी0कॉम0 पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों द्वारा दिनांक रहित प्रार्थना पत्र विश्वविद्यालय में दिनांक 14.12.2020 को प्रस्तुत किया गया है (छायाप्रति संलग्न है) जिसके द्वारा शिकायतें की गयीं हैं कि महाविद्यालय में ताला बन्द कर दिया गया है तथा विद्यार्थियों के परीक्षा फार्म नहीं भराया जा रहा है एवं कक्षायें भी नहीं संचालित की जा रही हैं।

अतः संलग्न शिकायती पत्र में उल्लिखित बिन्दुओं सहित निम्न बिन्दुओं पर आख्या 48 घंटे के अन्दर उपलब्ध कराने का कष्ट करें :–

1. छात्रों की ऑनलाइन व ऑफलाइन कक्षायें की उपस्थिति पंजिका।
2. विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित प्राचार्य / शिक्षकों की उपस्थिति पंजिका।
3. विश्वविद्यालय के यू0डी0आर0सी0 पोर्टल पर महाविद्यालय के प्राचार्य व शिक्षकों सहित समस्त विवरण उपलब्ध होने साक्ष्य।
4. अनुमोदित प्राचार्य / शिक्षकों के वेतन सम्बन्धी बैंक सेलरी स्टेटमेंट।
5. शिक्षण हेतु अन्य आवश्यकताओं जैसे पुस्तक खरीद इत्यादि का विवरण।

भवदीय

कुलसचिव

संख्या : AF. 21454-56 दिनांक : 15/12/2020

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
2. अधिष्ठाता, महाविद्यालय विकास परिषद।
3. इंचार्ज, वेबसाईट, ल0वि0वि0 को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त महाविद्यालय को ई–मेल से प्रेषित करने एवं विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
4. गार्ड फाईल।

15.12.2020

कुलसचिव

अति आवश्यक

सेवा में,

कुलपति महोदय
लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ

विषय– नोबेल इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट एण्ड टेक्नोलॉजी लखनऊ बन्द होने के फलस्वरूप विद्यार्थियों की अन्तिम वर्ष (बी0काम) की परीक्षा के सम्बन्ध में।

महोदय,

प्रार्थीगणों की ओर से विनम्र निवेदन है –

1. यह कि नोबेल इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट एण्ड टेक्नोलॉजी लखनऊ इटौंजा में स्थित है तथा लखनऊ विश्वविद्यालय से सम्बन्धित है।
2. यह कि प्रार्थीगण ने वर्ष 2018 में बी0काम0 प्रथम वर्ष में एडमीशन लिया था। प्रथम वर्ष की परीक्षाएं भी हुई थी तथा रिजल्ट घोषित किया गया था। मार्कशीट भी जारी की गयी थी।
3. यह कि इसी प्रकार बी0काम0 द्वितीय वर्ष की परीक्षा हुई थी रिजल्ट घोषित किया गया था किन्तु मार्कशीट अभी तक विद्यद्वालय द्वारा निर्गत नहीं की गयी है।
4. यह कि वर्ष 2020 में प्रार्थीगण की तृतीय वर्ष (फाइनल) परीक्षा होनी थी किन्तु कोविड–19 के कारण विद्यालय मार्च 2020 से बन्द चल रहा है।
5. यह कि वर्तमान में विद्यालय का बोर्ड हटा दिया गया है कोई कालेज का स्टाफ विद्यालय नहीं आते है पूर्णतया से तालाबन्दी है केवल गार्ड रहते है। विद्यालय के डायरेक्टर, टीचर, स्टाफ सभी के मोबाइल बन्द है।
6. यह कि लखनऊ विश्वविद्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार अन्तिम वर्ष की परीक्षाएं शीघ्र होने वाली है।
7. यह कि सम्बन्धित हम लोगो के विद्यालय नोबेल इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट एण्ड टेक्नोलॉजी लखनऊ के बन्द हो जाने के कारण अभी तक न तो हम लोगों के परीक्षा फार्म भरे गये है तथा नहीं विद्यालय जाने पर कोई मिलता है।

8. यह कि प्रार्थीगण की बी0काम अन्तिम वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित न होने से उनका भविष्य खराब होने की पूरी संभावना है।

9. यह कि चूंकि विद्यालय के डायरेक्टर टीचर व स्टाफ सभी के मोबाइल बन्द है, कालेज भी बन्द है। इस प्रकार इन लोगों द्वारा प्रार्थीगण के साथ धोखा दिया गया है जिससे उनका जीवन बर्बाद होने की आंशका है।

अतः श्रीमान् जी से अनुरोध है कि प्रार्थीगण की बी0काम0 अन्तिम वर्ष की परीक्षा फार्म भरवाकर, परीक्षा में सम्मिलित होने के आदेश प्राप्ति करने की कृपा करें एवं सम्बन्धित विद्यालय के विरूद्ध आवश्यक कानूनी कार्यवाही करने की कृपा करें।

प्रार्थीगण

7518912869 ← 1. Shanu Bhargava
2. [illegible] कुमार
9336096736 ← 3. शोभा शुक्ला
9112571796 4. शुभा गौतम
8429196310 ← 5. आनन्द रावत
9919031916 ← 6. Shanu Pal
7080470980 ← 7. योगेन्द्र कुमार बंसल
8. राजेश कुमार
6307637592 ← 9. [illegible]
10 Abhishek Yadav
6306219097 ← 11. Saumya Singh
12. - अक्षय प्रताप सिंह
→ 9559433699

13 Gayatri Rawat
9260900550
14 Anuradha Rawat
8009957998